उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ–226001
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
UTTAR PRADESH RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
14- ASHOK MARG, SHAKTI BHAWAN, LUCKNOW-226001
(A U.P. Government Undertaking)
CIN : U40101UP1980SGC005065

UPRVUNL

पत्र सं0: 471 –मा0सं0–03 / उ0नि0लि0 / 2023–5(22)–मा0सं0–03 / 2014–T.C. दिनांकः–24.02.2023

ई–मेल / पंजीकृत

मुख्य महाप्रबन्धक,
अनपरा तापीय परियोजना,
उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
अनपरा (सोनभद्र)।

विषयः– उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (वि0 एवं यॉ0) के पद पर चयनोपरान्त नियुक्ति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक स्वकार्यालयी पत्र सं0 558 / मु0म0प्र0 / अधि0 / अताप / ई–2 दिनांकः 06.02.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से विज्ञापन सं0 यू0–44 / यूपीआरवीयूएसए / 2021 के अन्तर्गत विज्ञापित सीधी भर्ती के माध्यम से अवर अभियन्ता (ई0 एण्ड एम0) (प्रशिक्षु) पद पर चयनित श्री सौरभ कुमार पुत्र श्री राजेश कुमार, अनुक्रमांक 31151150606 के प्रार्थना पत्र दिनांक 06.02.2023 जो (01) माह समय विस्तारण के सम्बन्ध में है, अग्रसारित किया गया है।

2– अतः इस सम्बन्ध में अनपरा तापीय परियोजना पर दिनांकः 06.03.2023 तक कार्यभार ग्रहण करने हेतु श्री सौरभ कुमार को निम्नवत् शर्तो / प्रतिबन्धों के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण काल की अवधि में दिनांक 06.03.2023 तक समय विस्तार की अनुमति प्रदान की जाती हैः–

1. उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 में अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (वि0 एवं यॉ0) के पद पर प्रथम नियुक्ति पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु नियुक्ति पत्र सं0 25–मा0सं0–03 / उ0नि0लि0 / 2023, दिनांक 04.01.2023 के निर्गमन की तिथि–04.01.2023 से दिनांक 06.03.2023 तक की अवधि के समय विस्तार की अनुमति इन शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की गयी है कि, श्री सौरभ कुमार की वरिष्ठता प्रभावित हो सकती है, एवं वह भविष्य में इस सम्बन्ध में कोई भी दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे एवं किसी भी न्यायालय में कोई परिवाद दायर नहीं करेंगे।
2. नव नियुक्त अवर अभियन्ताओं (प्रशिक्षु) (वि0 एवं यॉ0) को सेवा–शर्तो के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है एवं प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने के उपरान्त नियमितीकरण किया जाता है। परन्तु योगदान अवधि में विस्तारण देने की दशा में उत्पादन निगम में सीधी–भर्ती से यदि भविष्य में कोई अन्य बैच आता है तो उनके साथ प्रशिक्षण कराया जायेगा, जिस कारण नियमीतिकरण प्रभावित होगा एवं श्री सौरभ कुमार की वरिष्ठता भी प्रभावित हो सकती है। अतः भविष्य में सम्बन्धित कार्मिक इस सम्बन्ध में कोई भी दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे एवं किसी भी न्यायालय में कोई परिवाद दायर नहीं करेंगे।

3. निगम में उपरोक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अतिरिक्त समय विस्तार की अवधि किसी भी दशा में अपरिवर्तनीय होगी। श्री सौरभ कुमार को निर्गत नियुक्ति पत्र में निर्दिष्ट यथानिर्धारित तैनाती स्थान–अनपरा तापीय परियोजना, उ0प्र0 रा0वि0उ0नि0लि0 अनपरा (सोनभद्र) में प्रत्येक दशा में वाँछित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर दिनांक 06.03.2023 तक कार्यभार ग्रहण करना होगा, अन्यथा की स्थिति में उक्त नियुक्ति पत्र सं0 25–मा0सं0–03 / उ0नि0लि0 / 2023, दिनांक 04.01.2023 स्वतः निरस्त हो जायेगा।
4. उपरोक्त नियुक्ति पत्र सं0 25–मा0सं0–03 / उ0नि0लि0 / 2023, दिनांक 04.01.2023 में वर्णित अन्य सभी सेवा शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत लागू रहेगी।

भवदीय,

(राजकुमार मिश्रा)
अनु सचिव (मा0सं0–03)

पत्र सं0: 471–मा0सं0–03 / उ0नि0लि0 / 2023 तद्दिनांकः–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन) / (तकनीकी) / (परियोजना एवं वाणिज्य) / (वित्त) उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, लखनऊ के स्टाफ ऑफीसर / निजी सचिव।
2. मुख्य परियोजना प्रबन्धक (प्रगति) उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता (प्रशिक्षण), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता (रिफार्म), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5. (पंजीकृत →) श्री सौरभ कुमार पुत्र श्री राजेश कुमार, अनुक्रमांक 31151150606, ग्रामः– माताडीह नयाटोला, पोस्टः– जमालपुर, थानाः– धरहरा, जिलाः– मुंगेर (बिहार), पिन कोडः– 811212।
6. वैयक्तिक पत्रावली / कट फाईल।

(राजकुमार मिश्रा)
अनु सचिव (मा0सं0–03)